## खबर संक्षेप

### ईसीआई (भारत निर्वाचन) मीडिया अवॉर्ड-2025 के लिये प्रविष्टियाँ आमंत्रित

**सतना।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने वर्ष 2025 में बेस्ट कैम्पेन ऑफ वोटर्स, एजुकेशन एण्ड अवेयरनेस कार्यक्रम चलाने वाले मीडिया संस्थानों के लिये 4 श्रेणियों में पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (टेलीविजन) मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (रेडियो) मीडिया और ऑनलाइन (इंटरनेट)/सोशल मीडिया श्रेणी में वर्ष 2025 में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। प्रविष्टियाँ 7 जनवरी, 2026 तक आमंत्रित की गई हैं। प्रविष्टियाँ बृजेश कुमार,अंडर सेक्रेटरी (कम्युनिकेशन) निर्वाचन सदन,भारत निर्वाचन आयोग, अशोका रोड,नई दिल्ली-11000 या ई-मेल पर भेजी जा सकती हैं।

### मुख्य सचिव आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग से करेंगे समीक्षा

**सतना।** मुख्य सचिव अनुराग जैन वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के कार्यवाही विवरण में पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक अब 5 जनवरी को सुबह 11 बजे से आयोजित की गई है। कमिश्नर बीएस जामोद ने सभी संभागीय अधिकारियों को एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन कमिश्नर कार्यालय में प्रस्तुत करने तथा निर्धारित तिथि में बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### स्टार्टअप के लिए उद्यम क्रांति योजना से मिलेगा ऋण

**सतना।** केंद्र सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) से मान्यता प्राप्त जिले के ऐसे स्टार्टअप जिन्हें फंडिंग या ऋण की आवश्यकता हो,वे जिले की सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा से एमएसएमई विभाग म.प्र.की मुख्य मंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत ऋण प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए आवेदन ऑनलाइन किया जा सकता है।आवेदन के साथ स्टार्टअप का डीपीआईआईटी से जारी मान्यता प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सतना ने बताया कि स्टार्टअप संचालक प्राप्त ऋण पर 5प्रतिशत ब्याज अनुदान तथा गारंटीफीस की प्रतिपूर्ति के साथ-साथ मध्यप्रदेश स्टार्ट अप नीति एवं कार्यान्वयन योजना-2025 के अंतर्गत 15 प्रतिशत तक की अनुदान सहायता तथा अन्य प्रकार की सहायताएं भी प्राप्त कर सकेंगे। अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र,सतना से संपर्क किया जा सकता है।

### दूषित पानी की समस्या पर विधायक सख्त, सुधार के निर्देश



**मैहर।** पुरानी बस्ती क्षेत्र में दूषित जल आपूर्ति की खबरों का संज्ञान लेते हुए मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने नगर पालिका और जल विभाग के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। विधायक ने स्पष्ट किया कि जहां भी दूषित पानी की शिकायत है,वहां सप्लाई तुरंत रोकी जाए और व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। इंदौर में हुई पेयजल त्रासदी (16 मौतें) के बाद प्रशासन और जन प्रतिनिधि मैहर में पूरी सतर्कता बरत रहे हैं ताकि शहर में ऐसी कोई अनहोनी न हो।

### गुरुद्वारा नानक दरबार में गूंजेगी गुरुबाणी: श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 359वां प्रकाश पर्व आज

**सतना।** दसमेश पिता,साहिब-ए-कमाल धन-धन श्री गुरु गोबिंद सिंह साहिब महाराज जी के 359वें पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा नानक दरबार (सिटी कोतवाली के पीछे) में भव्य धार्मिक समागम का आयोजन किया जा रहा है। गुरुद्वारा साहिब में श्रद्धा और उल्लास का माहौल है।

अखंड पाठ साहिब की समाप्ति प्रकाश पर्व को समर्पित श्री अखंड पाठ साहिब,जिसका शुभारंभ 03 जनवरी को हुआ था,उसकी संपूर्णता (भोग) आज दिनांक 05 जनवरी को प्रातः 9:30 बजे होगी। विशेष कीर्तन दीवान भाई महेंद्र सिंह (कटनी वाले) करेंगे निहाल। समाप्ति के उपरांत विशेष कीर्तन दीवान सजाया जाएगा। इसमें बाहर से पधारे सुप्रसिद्ध रागी जत्था भाई महेंद्र सिंह (कटनी वाले) अपनी मधुर वाणी और गुरबाणी कीर्तन के माध्यम से साध संगत को गुरु चरणों से जोड़ेंगे।

# इन्दौर जल त्रासदी पर भड़की कांग्रेस: 'घंटा' बजाकर गहरी नींद में सोई सरकार को जगाया

इंदौर में दूषित पेयजल से हुई नागरिकों की मौतों ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। इस हृदयविदारक घटना के विरोध में रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश व्यापी आह्वान पर जिला मुख्यालय में जमकर गर्जना की।





**सतना।**

शहर कांग्रेस अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्थानीय सांसद गणेश सिंह के निवास का घेराव किया और प्रतीकात्मक रूप से घंटा-घड़ियाल बजाकर शासन-प्रशासन के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया।

### भारी पुलिस बल भी नहीं रोक पाया आक्रोश

कांग्रेस के इस घेराव की पूर्व सूचना मिलते ही प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए थे। रविवार सुबह से ही सांसद निवास (फ्रेंड्स कॉलोनी) के बाहर भारी पुलिस अमला तैनात कर दिया गया था। एसडीएम सिटी राहुल सिलाड़िया समेत तीन थानों के टीआई और भारी पुलिस बल ने घेराबंदी कर रखी थी, लेकिन कार्यकर्ताओं के तीखे तेवरों के आगे सरकारी इंतजाम बौने नजर आए। इस दौरान प्रदर्शन कारियों और पुलिस के बीच तीखी झूमाझपटी भी देखने को मिली।

### सबसे स्वच्छ शहर में पानी से मौतें,शर्म करे सरकार

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए व्यवस्थाओं की तीव्र भर्त्सना की। नेताओं ने तीखे शब्दों में कहा कि देश के सबसे स्वच्छ महानगर (इन्दौर) का दम भरने वाली सरकार जनता को पीने का साफ पानी तक मुहैया नहीं करा पा रही है।स्मार्ट सिटी के नाम पर केवल दिखावा हो रहा है,जबकि लोग दूषित पानी पीकर जान गंवाने को मजबूर हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर निगम को भी चेतावनी देते हुए कहा कि यहाँ के कई इलाकों में गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने मांग की कि इन्दौर की घटना से सबक लेकर पेयजल व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त किया जाए,वरना जनता चुप नहीं बैठेगी।

### नगरीय प्रशासन मंत्री के इस्तीफे की मांग

पन्नीलाल चौक पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने एक पुतले को दूषित जल से भरी बाल्टियों में डुबकियां लगवाकर सरकार की नाकामी को दर्शाया। कांग्रेस अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी ने नैतिक जिम्मेदारी तय करते हुए नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से तत्काल इस्तीफे की मांग की है।

### श्रद्धांजलि के साथ समापन

विरोध प्रदर्शन के अंत में कांग्रेसजनों ने मौन धारण कर इन्दौर जल त्रासदी के मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस प्रदर्शन में पूर्व प्रदेश महासचिव विक्रांत त्रिपाठी,पार्षद पंकज कुशवाहा, अमित अवस्थी,शैलेष तिवारी,दुर्गेश चौरसिया,संतोष तिवारी,सेवादल अध्यक्ष बरमेंद्र सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मझगवां-देवलहा मार्ग पर गुणवत्ता को 'अंधेरे' में धकेलने की तैयारी: रात के सन्नाटे में डामरीकरण, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा



**सतना।**

मझगवां में मुख्य अभियंता की सख्ती क्या हुई,ठेकेदार ने नियमों को ही ताक पर रख दिया। मझगवां से देवलहा मार्ग पर इन दिनों दक्षिणा इंफ्रा कंपनी के ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे डामरीकरण कार्य ने विवाद खड़ा कर दिया है। जांच टीम के डर से पुरानी कमियों को छिपाने के लिए दिन के साथ-साथ रात के अंधेरे में भी आनन-फानन में डामर बिछाया जा रहा है।

### जांच के डर से आनन-फानन में काम

सूत्रों के मुताबिक,विभाग के उच्च अधिकारियों की सख्ती और संभावित जांच टीम के दौरे की खबर मिलते ही ठेकेदार ने काम की गति बढ़ा दी है।स्थानीय निवासियों का आरोप है कि पुरानी कमियों को छिपाना घटिया बेस और पुरानी गल्तियों पर पर्दा डालने के लिए जल्दबाजी में डामर की पतली परत बिछाई जा रही है। डामरीकरण जैसे तकनीकी कार्य को रात में अंजाम दिया जा रहा है,ताकि कार्य की गुणवत्ता और मैटेरियल के अनुपात पर कोई नजर न रख सके।

### जिम्मेदारों का पल्ला झाड़ना: 'हमें मतलब नहीं'

जब ग्रामीणों ने इस गुणवत्ताविहीन कार्य और रात में हो रहे निर्माण को लेकर पीडब्ल्यूडी कार्यालय में संपर्क किया,तो वहां से चौंकाने वाला जवाब मिला। अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने स्पष्ट रूप से जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए कहा यह काम मेरे कार्यक्षेत्र के अंतर्गत नहीं आता है।यह प्रधानमंत्री सड़क योजना का मामला है,इससे मुझे कोई मतलब नहीं है। विभागीय अधिकारियों के इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये ने ग्रामीणों के आक्रोश को और बढ़ा दिया है। लोगों का कहना है कि जब जिम्मेदार ही हाथ खड़े कर देंगे,तो ठेकेदार की मनमानी पर अंकुश कौन लगाएगा?

### मानकों की अनदेखी

मशीनों और मजदूरों का जमावड़ा तो लगा है,लेकिन सड़क की मजबूती को लेकर कोई तकनीकी पर्यवेक्षण नहीं दिख रहा है।

### ग्रामीणों में भारी असंतोष

मझगवां से देवलहा मार्ग क्षेत्र के ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच नहीं हुई और गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं की गई,तो वे इस मामले की शिकायत उच्च स्तर पर करेंगे। फिलहाल,विभागीय निगरानी के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है और ठेकेदार अपनी मनमानी पर उतारू है।

## यूआईडीएआई के डिप्टी डायरेक्टर जनरल ने आधार केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**मैहर।**

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के डिप्टीडायरेक्टर जनरल (डीडीजी) संजय सोहनी ने शनिवार को मैहर जिले के विभिन्न लोक सेवा केंद्रों और आधार पंजीयन केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर (एसपीएम) निकेत दीवान,प्रभारी जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस राखी अग्रवाल और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान डिप्टी डायरेक्टर जनरल ने मैहर स्थित लोक सेवा केंद्र और शारदा ग्रामीण बैंक में संचालित आधार केंद्रों का जायजा लिया। इस दौरान मैहर जिला ई गवर्नेंस समिति द्वारा लोक सेवा केंद्र में संचालित शासकीय आधार केंद्र,बीआरसी कार्यालय,शिक्षा विभाग के तहत संचालित शासकीय आधार मशीन देवी रोड एवं बैंक के तहत मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक आरकंडी अनुभाग मैहर का निरीक्षण कर



व्यवस्था प्रबंधन सेवा सुविधा का गहन निरीक्षण किया गया। उन्होंने वहां मौजूद तकनीकी उपकरणों, ऑपरेटरों की कार्य क्षमता और आम जनता को दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया। डीडीजी ने केंद्रों पर आधार नामांकन और अपडेशन की प्रक्रिया को देखा। उन्होंने निर्देश दिए कि नागरिकों के दस्तावेजों की सुरक्षा और गोपनीयता का पूरा ध्यान रखा जाए।उन्होंने स्पष्ट किया कि आधार अपडेशन के नाम पर किसी भी नागरिक से अतिरिक्त शुल्क न लिया जाए और प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए। स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर के साथ चर्चा करते हुए उन्होंने मैहरजिले में लंबित आधार आवेदनों की स्थिति जानी और उन्हें समय सीमा के भीतर निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं के साथ आधार सेवाओं का सुचारू संचालन प्राथमिकता होनी चाहिए ताकि ग्रामीणों को दूर न भटकना पड़े।

## कांग्रेस का 'घंटा बजाओ' प्रदर्शन: मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से मांगा इस्तीफा



**मैहर।**

इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों को लेकर मैहर जिला कांग्रेस कमेटी ने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने घंटा घर चौराहे पर घंटा बजाकर सोई हुई सरकार को जगाने का प्रयास किया और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस ने इंदौर की घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के इस्तीफे की मांग की है।प्रदर्शनकारियों ने रैली निकालकर भाजपा विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के कार्यालय का घेराव किया। जिला अध्यक्ष धर्मेश घई ने मंत्री विजयवर्गीय के उस बयान की कड़ी निंदा की जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि मैं नाले-नर्दे का मंत्री नहीं हूं।कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई,तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

## मां गोदाम्बा रंगनाथ महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब, भजनों की धुन पर झूमे श्रद्धालु





**सतना।**

श्री रामानुज वैष्णव संकीर्तन मंडल के तत्वावधान में मैहर बायपास स्थित भवन में आयोजित 'मां श्री गोदाम्बा रंगनाथ स्वामी महोत्सव' ने पूरे शहर को भक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। भजन-कीर्तन,मनमोहक झांकियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच नगर पूरी तरह श्रद्धा और उल्लास में डूबा नजर आया।

### भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम

महोत्सव के दौरान सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहा। श्री रामानुज वैष्णव मंडल के अनुयायियों के साथ शहर के आम नागरिकों ने भी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे वातावरण में मंगलाचरण और जयकारों की गूंज से एक दिव्य आध्यात्मिक ऊर्जा का संचारहोता रहा।

### आकर्षण का केंद्र रहीं सजीव झांकियां

महोत्सव की भव्यता का मुख्य आकर्षण भगवान रंगनाथ और मां गोदाम्बा की अलौकिक झांकियां रहीं। इसके साथ ही अखिल कोटि ब्रह्मांड नायक रामानुजाचार्य और रामानुज स्वामी की सजीव झांकियों ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भगवान रंगनाथ को पीतांबर व पुष्प लताओं से और मां गोदाम्बा को आकर्षक आभूषणों से सजाया गया था,जिन पर भक्तों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

### भजन संध्या में उमड़ा उत्साह

सांस्कृतिक संध्या में गायक मधुसूदन गुप्ता ने अपनी मधुर आवाज से समां बांध दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत भजनः गीतों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे।

### परंपरागत आयोजन और विशेष भोग

वैष्णव परंपरा के अनुसार,कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालु सुबह 3 बजे से ही भगवान की सेवा और पूजा-अर्चना में जुट जाते हैं।प्रतिदिन भगवान को विशेष पकवानों का भोग लगाया गया। महोत्सव में शामिल महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा,मेहंदी और आभूषणों से सुसज्जित होकर उत्सव की शोभा बढ़ाती नजर आईं।

### मां गोदाम्बा का आध्यात्मिक महत्व

व्यवस्थापक बद्रीप्रसाद गुप्ता ने बताया कि पृथ्वी की गोद से प्रकट होने के कारण इनका नाम 'गोदा' पड़ा। भगवान विष्णु की अनन्य भक्ति और कठोर तपस्या के बाद जब भगवान ने उन्हें दर्शन दिए,तब वे 'गोदाम्बा' के नाम से विख्यात हुईं।

### इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति

इस भव्य आयोजन में व्यवस्थापक बद्री प्रसाद गुप्ता,श्याम माहेश्वरी,राजेश माहेश्वरी, रामचरण गुप्ता, अंकित माहेश्वरी, सिमरन माहेश्वरी, मधुसूदन गुप्ता, रामकृपाल गुप्ता, रजनीश सोनी,बिहारी सोनी, रमेश गुप्ता,कामता गुप्ता,और समाज के अनेक गणमान्य नागरिक व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पूर्व नपा अध्यक्ष बने नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष

**मैहर।**

मैहर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष आरके सिंह को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के नगरीय निकाय प्रकोष्ठ का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश और वरिष्ठ नेताओं की सहमति से की गई है। आरके सिंह ने कहा कि वे पूरी निष्ठा से संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे और आने वाले नगरीय निकाय व विधानसभा चुनावों में बेहतर परिणाम लाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में मैहर नगर पालिका में भ्रष्टाचार और सत्ता पक्ष की आपसी कलह के कारण विकास बाधित है।सीमेंट फैक्ट्रियों द्वारा आदिवासियों की जमीन छीने जाने के मुद्दे पर उन्होंने चरणबद्ध आंदोलन जारी रखने की बात कही।



## खबर संक्षेप



### वाहन की टक्कर से जीजा-साले घायल


**अमानगंज।** पन्ना-अमानगंज मुख्य सड़क मार्ग पर द्वारी ग्राम के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार जीजा-साले गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे समाजसेवी सर्वेन्द्र यादव ने मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए दोनों घायलों को निजी वाहन से अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवकों की पहचान सुरेन्द्र पिता विनोद रेकबार (उम्र 20 वर्ष), निवासी पुरैनी एवं जितेन्द्र पिता ओमप्रकाश (उम्र 24 वर्ष), निवासी हिंडोरिया के रूप में हुई है। दोनों एक ही बाइक पर सवार थे, तभी द्वारी ग्राम के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। अमानगंज स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल दमोह रेफर कर दिया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

### शव यात्रा के दौरान मधुमक्खियों का हमला, एक वृद्ध गंभीर



**अमानगंज।** इटोरी भटवा गांव में शव यात्रा के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने लोगों पर हमला कर दिया। इस हमले में दर्जन भर से अधिक लोग डंक की चपेट में आ गए। मधुमक्खियों के हमले में महंगाउआ पिता हक्कू, अहिरवार निवासी भटवा, गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद तत्काल अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय पन्ना रेफर किया गया। घटना के बाद शव यात्रा में शामिल लोगों में दहशत का माहौल रहा। यह घटना रविवार की शाम लगभग 4:00 बजे की बताई जा रही है।

### आदिवासियों की जमीनों पर भू-माफियाओं ने किया कब्जा



**पन्ना।** पन्ना जिला मुख्यालय से लगे हुए ग्राम जानवर में विगत वर्षों पूर्व सिर्फ अधिकांश आदिवासी एवं यादव समाज के लोग रहते थे लेकिन उक्त ग्राम जिला मुख्यालय के करीब होने के चलते भू माफिया की नजरे लग गई तथा फार्म हाउस बनाने एवं अपना ऐसो आराम के साधन विकसित करने के लिए पन्ना जिला मुख्यालय के राजनेता अधिकारी व्यापारी कर्मचारियों ने कुछ स्थानीय लोगों से मिलकर षड्यंत्र रचकर गरीब आदिवासियों की जमीनों पर कब्जा कर लिया तथा कुछ एकड़ जमीन खरीद कर सैकड़ो एकड़ जमीन पर कब्जा जमा रखा है ग्राम के गरीब आदिवासी अब भूमिहीन हो गए हैं अनेक आदिवासी पट्टे भी लिए हैं लेकिन उनकी जमीन नहीं मिल रही है अभी कुछ दिन पूर्व भुरा आदिवासी को मृत्यु घोषित कर दिया गया था तथा उसकी जमीन दबंग लोगों ने कब्जा कर ली थी जिसका मामला मीडिया में आने के बाद तथा प्रभारी मंत्री के द्वारा मामला संज्ञान में आया था जिस पर प्रशासन द्वारा आनन फानन मैं उसे दस्तावेज उपलब्ध कराए लेकिन जमीन अभी तक मिली या नहीं मिली यह भविष्य के घर में है स्थानीय लोगों ने जानवर ग्राम की संपूर्ण जमीन का सीमांकन कराकर कार्यवाही करने की मांग की है।

# 'विधायक कप 2025' का भव्य आयोजन

# रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम







पन्ना विधानसभा क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करने के उद्देश्य से पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में 'विधायक कप 2025' क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

**पन्ना।**

इस प्रतियोगिता में पन्ना विधानसभा के विभिन्न गांवों और नगरों से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। टूर्नामेंट न केवल खेल भावना को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर भी प्रदान कर रहा है। इसी क्रम में रविवार को टूर्नामेंट के अंतर्गत तीन रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिनमें बल्लेबाजों की आक्रामक पारियां, गेंदबाजों की धारदार गेंदबाजी और क्षेत्र रक्षकों की चुस्ती देखने को मिली। दर्शकों की भारी मौजूदगी ने मैदान का माहौल और भी उत्साहपूर्ण बना दिया।

### पहला मुकाबला- पन्ना 1 बनाम पन्ना 2

दिन का पहला मुकाबला पन्ना 1 और पन्ना 2 के बीच खेला गया। पन्ना 1 की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 105 रन बनाए। टीम की ओर से मकबूल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 46 रन की उपयोगी पारी खेली, वहीं जयराज विश्वास ने 22 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में पन्ना 2 की ओर से रिंकू और अब्दुल ने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए 2-2 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पन्ना 2 की टीम ने संयम और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन दिखाया। टीम ने 5 विकेट से मुकाबला जीत लिया। इस जीत के नायक रहे लोकेंद्र सिंह, जिन्हें उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। लोकेंद्र सिंह ने मात्र 13 गेंदों में 3 छक्कों की मदद से 31 रन की विस्फोटक पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। उनकी बल्लेबाजी ने दर्शकों को खूब रोमांचित किया।

### सोमवार के मुकाबलों का कार्यक्रम

आयोजकों ने जानकारी दी कि टूर्नामेंट के अगले दिन यानी सोमवार को भी दो महत्वपूर्ण मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मैच- पन्ना 5 बनाम पन्ना 6, सुबह 10:00 बजे से दूसरा मैच- धर्मपुर 1 बनाम अजयगढ़, दोपहर 1:00 बजे से इन मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

### मुख्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति

आज के मैचों के दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, पत्रकार, अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से मनीष मिश्रा, बृजेंद्र गर्ग, शिवकुमार त्रिपाठी, बी.एन. जोशी, मुकेश विश्वकर्मा, अनिल तिवारी, लक्ष्मी नारायण चारोलिया, बृज किशोर द्विवेदी, कादिर खान, संजय तिवारी, राकेश शर्मा, सौरभ श्रीवास्तव, अमित खरे, अमित राठौर, गणेश विश्वकर्मा, अधिवक्ता राजेश तिवारी, किशोर श्रीवास्तव, उदय त्रिपाठी, जितेंद्र सिंह बैस, भरत पटेल, कुलदीप तिवारी, प्रमोद ठाकुर, अशोक यादव, सनत कुमार तिवारी, अवध शुक्ला एवं अशोक उर्मालिया सहित अनेक प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और इस आयोजन को पन्ना विधानसभा में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।



## मझगवां शेख के मुख्य मार्ग पर नाली न होने से ग्राम में बह रहा गंदा पानी, नाली निर्माण की उठी मांग

**अमानगंज।**

गुनौर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बलगहा के मझगवां शेख मुख्य मार्ग पर नाली निर्माण न होने के कारण सड़क पर लगातार गंदा पानी बह रहा है। इससे राहगीरों एवं स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, साथ ही गंदगी और बदबू से बीमारी फैलने की आशंका भी बनी हुई है। इस समस्या को लेकर समाजसेवी एवं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अमानगंज आनंद सिंह राजपूत ने नाली निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की है। रविवार शाम 5रू00 बजे मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि मुख्य मार्ग पर जल निकासी की व्यवस्था न होने से सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है और आमजन को आवागमन में दिक्कत हो रही है। वहीं ग्राम पंचायत बलगहा के सरपंच इन्द्र सिंह यादव ने बताया कि समस्या को गंभीरता से लिया गया है और प्रस्ताव बनाकर शीघ्र ही नाली निर्माण कार्य कराया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से जल्द कार्य शुरू कराने की मांग करते हुए कहा कि बरसात के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है।

## डायमंड स्पोर्ट क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न, बॉयज में पन्ना क्रिकेट अकादमी ने अजयगढ़ को हराया

## बालिका जूनियर में बुंदेलखंड स्कूल तो सीनियर में डायमंड क्रिकेट टीम बी ने मारी बाजी

**अमानगंज।**



नगर अमानगंज के स्टेडियम ग्राउंड में बीते 31 दिसंबर से चल रहे डायमंड क्रिकेट टूर्नामेंट का आज 4 जनवरी 2026 को समापन हुआ। आज दिन रविवार को सभी वर्गों के फाइनल मैच खेले गए जिसमें बालिकाओं के जूनियर स्कूल में बुंदेलखंड पब्लिक स्कूल ने फाइनल मैच जीता तो, वहीं सीनियर में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमानगंज और डायमंड क्रिकेट अकादमी की संयुक्त रूप से बनी डायमंड ए और डायमंड बी टीमों के बीच आठ ओवर का मैच खेला गया जिसमें डायमंड बी ने रोमांचक मैच खेलते हुए जीत को अपने पाले में किया वही बॉयज टीमों में अजयगढ़ क्रिकेट अकादमी और पन्ना क्रिकेट अकादमी के बीच लेदर बॉल से शानदार 12 ओवर का मैच खेला गया जिसमें पन्ना क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सवा सौ रनों से अधिक का एक विशाल स्कोर खड़ा किया जिसका पीछा करते हुए अजयगढ़ टीम जल्द ही ऑल आउट हो गई और इस मैच में पन्ना क्रिकेट अकादमी को एक शानदार जीत हासिल हुई। फाइनल मैचों में जीत के बाद अंत में टूर्नामेंट के आयोजक डायमंड क्रिकेट अकादमी के हेड कोच शैलेंद्र तिवारी द्वारा मंच पर उपस्थित अतिथियों के द्वारा विजेता और विजेता टीमों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार चंपत राय तिवारी, अमित दुबेदी, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष दीपक यादव, रामू सोनी, प्रेम नारायण शर्मा रविंद्र शर्मा सहित तमाम मीडिया तंत्र और खेल प्रेमियों की मौजूदगी रही।

## विधायक आवास के सामने कांग्रेसियों ने किया घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन

### पीड़ितों को न्याय दो नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इस्तीफा दो - अरुण कुमार




**गुनौर।**

कांग्रेस पार्टी ने मध्य प्रदेश भाजपा सरकार की लापरवाही के खिलाफ प्रदेश व्यापी आंदोलन शुरू किया है। इंदौर में शुद्ध पीने के पानी की सप्लाई की जगह मल मूत्र युक्त गंदा पानी पीने से 15 लोगों की जान चली गई और 2800 से अधिक लोग बीमार हो गए। इस घटना पर विधायक और नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का गैर जिम्मेदाराना जवाब आया, जिसमें उन्होंने ष्घंटाष् शब्द का उपयोग किया, जिसे अमानवीयता का संकेत माना जा रहा है। कांग्रेस पार्टी ने इस घटना की निंदा करते हुए इसे सत्ता के मद में डूबी हुई केंद्र और प्रदेश सरकार की निरंकुशता और विफलता का उदाहरण बताया है। पार्टी ने कहा है कि आने वाले समय में जनता इस सरकार को जवाब देगी। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी और जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के अध्यक्ष अनीश खान के दिशा निर्देशन में ब्लॉक अध्यक्ष अरुण कुमार गौतम के नेतृत्व में इस अमानवीय व्यवहार के विरोध में 4 जनवरी 2026 को दोपहर 3 बजे गुनौर विधानसभा के विधायक राजेश कुमार बर्मा के निवास के सामने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से अरुण कुमार बबलू गौतम ब्लॉक अध्यक्ष, जीवन लाल सिद्धार्थ पूर्व प्रत्याशी, कुलदीप सिंह डिघौरा, संजय तिवारी, दिनेश पाण्डेय, श्रवण तिवारी, प्रमोद त्रिपाठी, केशरी अहिरवार, रविन्द्र मिश्रा, राजाजी, अनूप तिवारी रामाधार लोधी, फोई लाल चौधरी, अजीत कुमार जैन, गुलाब राज बर्मा, कल्लू चौधरी राममिलन चौधरी, रज्जू चौधरी, प्रतिपाल पटेल, ज्ञानचंद पटेल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## कीचड़ में घुसे हैण्डपंप को किया ऊंचा, बनाया सुन्दर प्लेटफार्म

### ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति सदस्यों ने की पंचायत से बात

### जनता ओर पंचायत मिलकर कार्य करे तो परिणाम बेहतर

**पन्ना।** मध्यप्रदेश के पन्ना जिले की अजयगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत शहपुरा के ग्राम गुरदीन पुरवा स्थित हरिजन बस्ती में एक हैण्डपंप है जहां से आसपास के कई परिवार पेयजल एवं अन्य निस्तार का जल लेते है। कुछ समय पूर्व सड़क निर्मित हुई एवं हैण्डपंप काफी नीचे हो गया, बल्कि सड़क के किनारे से बनाई गई नाली से भी नीचे हो गया। जिससे लोगों को न सिर्फ पानी भरने में दिक्कतें होने लगी बल्कि हैण्डपंप के चारों तरफ पानी भरने से गंदगी फैल गई। गंदे जल में डूबे हैण्डपंप के प्लेटफार्म से ही लोग मजबूरन पानी भरते रहे। ग्राम की ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति द्वारा इस विषय पर चर्चा की गई एवं हैण्डपंप को न सिर्फ उपर करने का निर्णय लिया गया बल्कि सड़क के स्तर की प्लेटफार्म निर्मित कर हैण्डपंप को सुरक्षित करने का निर्णय लिया गया। इन दोनो ही निर्णयों को पूरा करने समिति के द्वारा ग्राम पंचायत को पत्र दिया गया। ग्राम पंचायत ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के साथ संपर्क कर हैण्डपंप को लगभग 01 फिट उंचा कर दिया। इसके बाद भी समस्या का पूरा हल नही निकला क्योंकि हैण्डपंप का प्लेटफार्म काफी नीचे हो जाने के कारण प्लेटफार्म में गंदा पानी भरा रहता था। लोगों ने श्रमदान से अपने हैण्डपंप के प्लेटफार्म को उंचा करने एवं साफ-सुदर प्लेटफार्म बनाने का निर्णय लिया। ग्राम पंचायत को पत्र देकर समुदाय के प्रयासों में मदद करने की मांग की गई। ग्राम पंचायत द्वारा सीमेंट एवं बालू देने में मदद की गई। समुदाय ने मिलकर अपने हैण्डपंप के प्लेटफार्म को न सिर्फ उंचा किया बल्कि बहुत खूबसूरत बना दिया। अब मोहल्ले के लोग अपने एवं पचायत के प्रयासों से काफी खुस है।

# जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना ने घंटा बजाकर किया विरोध प्रदर्शन

# सांसद और विधायक के निवास पर कांग्रेसियों ने की जमकर नारेबाजी

**पन्ना।**

इंदौर नगर निगम द्वारा सप्लाई किए गए दूषित पेयजल से 15 लोगों की मौत और लगभग 2800 नागरिकों के बीमार होने की दर्दनाक घटना को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। इस गंभीर मामले पर पत्रकारों के सवालों के जवाब में भाजपा सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा "घंटा" शब्द के प्रयोग को कांग्रेस ने अमानवीय और असंवेदनशील करार दिया है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना द्वारा रविवार 4 जनवरी 2026 को विरोध प्रदर्शन किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीस खान के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और भाजपा के विधायक एवं सांसद निवास के सामने घंटा बजाकर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीश खान ने कहा कि इंदौर जैसी घटना सरकार की विफलता को उजागर करती है, जहां दूषित पानी पीने से लोगों की जान चली गई, लेकिन जिम्मेदार मंत्री संवेदनशीलता के बजाय गैर-जिम्मेदार बयान दे रहे हैं। यह जनता के दुख के प्रति असंवेदनशीलता और सत्ता के मद में चूर सरकार का उदाहरण है। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई और पीड़ितों को न्याय नहीं मिला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगाद्य प्रदर्शन में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष अनीस खान, पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शिवजीत सिंह, पुरुषोत्तम जड़िया, मार्तंड देव बुंदेला, मनीष मिश्रा, शशीकांत दीक्षित, शिव प्रकाश दीक्षित, राज बहादुर पटेल, कदीर खान, दीपक तिवारी, रमा बुंदेला, रामबहादुर द्विवेदी, आस्था तिवारी, रहीमा खातून, बंदू



यादव, अक्षय तिवारी, वैभव थापक, अंकित शर्मा, रेहान मोहम्मद, सौरभ पटेरिया, भूपेंद्र परमार, राजा बाबू पटेल, रोहित यादव, रियासत खान, सोनू चौधरी, सुरेंद्र सिंह, अमित शर्मा, रामदास जाटव, दीपेंद्र यादव, मुन्ना बेग, राहत अली, विमला सिंगरौल, देवकी प्रजापति, आशीष बागरी, प्रहलाद यादव, मिलन कुशवाहा, ऋषभ गर्ग, प्रवीण कुशवाहा, राजेश द्विवेदी, महिपाल सिंह, शिवपाल वर्मा, दिनेश कुशवाहा, सौरभ दुबे, भभूत सिंह, धूराम चौधरी, महाकौशल चौधरी, वसीम खान, जगदीश यादव, रामचरण प्रजापति, कामता अहिरवार, राम प्रकाश यादव, देवेश कुमार अहिरवार, नत्थू अहिरवार, बालकरण यादव, हसीब खान, राकेश सोनकर, रमाशंकर लोधी, महेंद्र सिंह, प्रहलाद यादव एवं राम बहोरी लोधी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### पवई व गुनौर विधानसभा में कांग्रेसियों ने घंटा बजाकर किया विरोध प्रदर्शन

इंदौर नगर निगम द्वारा सप्लाई किए गए दूषित पेयजल से हुई मौतों और सैकड़ों लोगों के बीमार होने की घटना को लेकर कांग्रेस का विरोध जारी है। इसी क्रम में पन्ना जिले की पवई एवं गुनौर विधानसभा क्षेत्रों में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक निवास के सामने घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने पीड़ति परिवारों को न्याय दिलाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इंदौर जैसी गंभीर और संवेदनशील घटना पर भाजपा सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा पत्रकारों के सवाल के जवाब में की गई टिप्पणी अत्यंत निंदनीय है। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि कैलाश विजयवर्गीय तत्काल नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दें। कांग्रेसियों ने कहा कि भाजपा स्वयं को अनुशासित पार्टी बताती है, लेकिन मंत्री द्वारा दिया गया बयान यह साबित करता है कि भाजपा और उसके मंत्री सत्ता के नशे में चूर हैं और उन्हें आम जनता की पीड़ा से कोई सरोकार नहीं है।पवई विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेसियों ने विधायक कार्यालय के सामने, जबकि गुनौर विधानसभा क्षेत्र में विधायक निवास के सामने शांतिपूर्ण तरीके से घंटा बजाकर प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

# कांग्रेस ने इंदौर की घटना को लेकर किया घंटा बोल प्रदर्शन, पूर्व विधायक सहित भारी संख्या में महिला कांग्रेसियों ने दी गिरफ्तारी

इंदौर में दूषित पानी पीने से 16 लोगों की मौत और कई के बीमार होने के मामले में भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय द्वारा की गई कथित अशोभनीय भाषा के विरोध में कांग्रेस प्रदेशअध्यक्ष जीतू पटवारी के आवहान पर छतरपुर जिले में भी कांग्रेसियों ने सड़क पर उतरकर घंटा बोल प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसियों की पुलिस से तीखी झड़प भी हुई और महाराजपुर के पूर्व विधायक नीरज दीक्षित सहित सैकड़ो की संख्या में महिला कांग्रेसियों ने गिरफ्तारी दी।



छतरपुर।

जिन्हें वाहनों के माध्यम से पुलिस लाईन ले जाया गया और बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। कांग्रेस नेता इंदौर की घटना को लेकर रविवार की दोपहर में कांग्रेस कार्यालय में एकत्र हुए और फिर वहां से जुलुस के रूप में प्रदर्शन करते हुए सदर विधायक निवास की ओर जाने के लिए कूच किया तभी पुलिस ने आकाशवाणी तिराहा पर बैरिकेट लगाकर रास्ता जाम कर दिया और कांग्रेसियों को रोकना चाहा। लेकिन इसी बीच कांग्रेसकर्ताओ व पुलिस के बीच छीनाछपटी की स्थिति बन गई। और फिर स्थिति को कब्जे में लेने के लिए पुलिस ने कांग्रेस नेताओं को गिरफ्तार किया। कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी होने पर महिला कांग्रेसी भी सामने आ गई और उन्होंने भी भारी संख्या मे गिरफ्तारी दी। महिला कांग्रेसी कार्यकर्ता सरकार विरोधी जमकर नारे लगा रही थी उधर कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार जनता के मूल भूत मुद्दों से ध्यान भटका रही हैं। और कार्यवाही नहीं कर रही है वहीं प्रशासन का यह भी कहना है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है।

### प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी बजाते रहें घंटा

नगरीय प्रशासन कैबिनेट मंत्री कैलाश बिजयवर्गीय के अशोभनीय बयान के विरोध में जब कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन करने के लिए सड़क पर उतरे तो वह घंटा बजा रहे थे, क्योंकि कांग्रेसियों का यह घंटा बोल प्रदर्शन था। कांग्रेसियों द्वारा घंटा बजाए जाने पर काफी चर्चा का बिषय बना रहा। जब कांग्रेस और पुलिस के बीच झड़प हुई और पुलिस कांग्रेस के पूर्व विधायक नीरज दीक्षित का गिरफ्तार कर ले जा रही थी उस दौरान सैकड़ो कार्यकर्ता पुलिस की गाड़ी पर चढ गए और उन्होंने भी गिरफ्तारी दी। प्रदर्शन के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सोनी, कोतवाली टीआई अरबिंद दांगी, ट्राफिक प्रभारी बृहस्पति साकेत सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## खबर संक्षेप



### अनियंत्रित होकर पलटी यात्री बस, करीब एक दर्जन से अधिक लोग घायल

छतरपुर। जिले के बमीठा थाना क्षेत्र में रविवार को यात्रियों से भरी एक निजी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। खजुराहो रेलवे स्टेशन से पन्ना की ओर जा रही यह बस चंद्रनगर नहर के समीप दुर्घटना का शिकार हुई। हादसे के वक्त बस में क्षमता से अधिक सवारियां भरी हुई थीं और वाहन की गति भी काफी तेज बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंद्रनगर नहर के पास प्राची कोच बस अचानक चालक के नियंत्रण से बाहर हो गई और सड़क किनारे पलट गई। इस दुर्घटना में करीब एक दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें तत्काल बमीठा और चंद्रनगर स्वास्थ्य केंद्रों में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल छतरपुर रेफर किया गया है। घायलों की पहचान बसंती चौधरी, सत्यम चौधरी, हेतराम चौधरी, सचिन कुशवाहा, गौरी शंकर पटेल, संतोष चौधरी, हसीना, आशीष कुशवाहा और श्यामबाई के रूप में हुई है। घटना स्थल पर बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय अपनी टीम के साथ मुस्तैद रहे और यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया।

### आरोपः झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज से हुई युवक की मौत, कार्रवाई की मांग



छतरपुर। जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र में बुखार का उपचार कराने गए युवक को एक झोलाछाप डॉक्टर ने कथित तौर पर गलत इंजेक्शन लगा दिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इस घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर शिकायती आवेदन सौंपा और दोषी डॉक्टर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया प्राप्त जानकारी के अनुसार गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के बडेरा पुरवा निवासी 35 वर्षीय रमेश उर्फ रामसहाय कुशवाहा को बुखार होने पर वे गांव के ही निजी झोलाछाप डॉक्टर नरेंद्र चौरसिया के पास दवा लेने गए थे। मृतक के परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने दवा देने के बजाय रमेश को एक इंजेक्शन लगा दिया, जिसके तुरंत बाद उनकी तबीयत और ज्यादा खराब हो गई। स्थिति बिगड़ती देख डॉक्टर नरेंद्र चौरसिया और उनकी पत्नी स्वयं रमेश को टैक्सी में लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर देर शाम अंतिम संस्कार किया गया। रविवार को परिजनों ने एकजुट होकर थाने में शिकायत दर्ज कराई। इस संबंध में थाना प्रभारी रीता सिंह का कहना है कि परिजनों की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## वैदिक कर्मकांडी ब्राह्मण ने आयोजित की बैठक

# व्रत-त्योहार की भ्रांतियों को लेकर हुई चर्चा



छतरपुर।

शहर के श्री महालक्ष्मी मंदिर में समस्त वैदिक कर्मकांड समिति के विद्वानों ने एक बैठक की। बैठक के माध्यम से धार्मिक व्रत एवं त्योहार के संबंध में पनपने वाली भ्रांतियों को लेकर चर्चा हुई। अक्सर व्रत और त्योहार दो-दो दिन होते देखे जा रहे हैं। सभी विद्वानों ने एक राय होकर निर्णय लिया कि एक छपवाया जाए जिसके माध्यम से त्योहार मनाने में एकरूपता बनी रहे।

बैठक के संबंध में आचार्य पं. राजकुमार अवस्थी ने बताया कि वर्तमान समय में किसी भी व्रत एवं त्यौहार को मानने को लेकर भ्रांतियां फैल रही है त्योहारों को मनाने में एकरूपता होना अति आवश्यक है समाज में ब्राह्मणों के संबंध में विभिन्न प्रकार की चर्चाएं भी सुनने को मिलती है महालक्ष्मी मंदिर प्रांगण में वैदिक कर्मकांड समिति के सदस्यों ने बैठक करते हुए निर्णय लिया कि एक पत्रक छपवाकर उसका वितरण कराया जाए ताकि सभी लोग पत्रक के अनुसार व्रत और त्योहार मनाए ऐसी स्थिति में व्रत और त्योहार में एकरूपता बनी रहेगी। इस अवसर पर पं. सुरेश मिश्र, पं. रमेश दीक्षित,पं.ओमप्रकाश जी,पं. प्रेम नारायण चतुर्वेदी,पं.एस लव पांडे,पं. हरीश मिश्र, पं.अरुण शुक्ल,पं. अखिलेश पाठक,पं. सौरभ तिवारी,विजय व्यास आदि वैदिक विद्वान उपस्थित रहे।

# मकान के कब्जे को लेकर ज्योराहा में दो पक्ष भिड़े, दोनों पक्षों पर मामला दर्ज, बाद में हुआ राजीनामा

जुझारनगर।



थाना जुझारनगर के अंतर्गत ग्राम ज्योराहा में मकान के कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया दो पक्षों में से एक पक्ष से बिक्की सिंह बगैरा और दूसरे पक्ष से हल्टू सिंह बगैरा आमने सामने आ गए। इस दौरान दोनो पक्षों के बीच जमकर झडप हुई और इसमें यह भी बताया जा रहा है कि एक व्यक्ति बाहर का भी शामिल रहा। जिसने काफी आतंक फैलाया वहीं इस संबंध में जब जुझारनगर थाना प्रभारी राजेन्द्र सिंह जाटव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मकान के कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ है जैसे ही पुलिस को विवाद की जानकारी मिली थी तो पुलिस मौके पर पहुंची तो तब तक एक पक्ष वहां से जा चुका था और दूसरा पक्ष मौके पर मिला था। दोनो पक्षों को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए समझाईश दी गई और दोनो पक्षों के विरूद्व शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में मामला पंजीबद्व किया गया है, वहीं थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि मामला पंजीबद्व होने के बाद दोनो पक्षों में समझौता भी हो चुका है। अगर इस मामले में कोई अन्य आरोपी सामने आते है, तो उन पर भी कार्यवाही की जाएगी। फायरिंग होने की घटना पर उन्होंने कहा कि बीडियो में फायरिंग के कोई सबूत नहीं मिल रहें है केबल दोनो पक्षों के विरूद्व विवाद हुआ है। बैसे इस मामले को लेकर चर्चा है कि इसे राजनीतिक रूप दिया जा रहा है। राजनैतिक रूप देने बाले इसमें कितना सफल होते है यह तो आने बाला समय बताएगा, लेकिन पुलिस इस मामले में सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार्यवाही कर रही है।



# स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली, एंबुलेंस न मिलने पर बस में हुआ प्रसव

छतरपुर।

जिले के चंद्रनगर में स्वास्थ्य विभाग की एक बड़ी लापरवाही उस समय उजागर हुई, जब एक गर्भवती महिला को एंबुलेंस न मिलने के कारण बस से अस्पताल ले जाना पड़ा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंबुलेंस की अनुपलब्धता के चलते प्रसूता को रास्ते में ही बस के भीतर बच्चे को जन्म देना पड़ा। इस विकट स्थिति में बस में सवार अन्य महिला यात्रियों ने साहस और सूझबूझ दिखाते हुए प्रसव संपन्न कराया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक चंद्रनगर निवासी पूनम रैकवार को रविवार तड़के प्रसव पीड़ा होने पर परिजन सुबह चार बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे थे। अस्पताल में मौजूद स्टाफ ने बस हादसे में घायलों की व्यस्तता का कारण बताते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी 108 एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई। हारकर परिजन पूनम को एक निजी बस में सवार होकर छतरपुर के लिए रवाना हुए, परंतु रास्ते में ही प्रसव पीड़ा असहनीय हो गई। बस में मौजूद महिलाओं ने मानवता का परिचय देते हुए कपड़े का पर्दा कर प्रसव में मदद की, जिसके बाद पूनम ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। बस चालक ने भी तत्परता दिखाते हुए वाहन को सीधे जिला अस्पताल के द्वार पर खड़ा किया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को भर्ती किया। वर्तमान में माँ और नवजात सुरक्षित हैं, लेकिन पीड़ित परिवार और ग्रामीणों में इस बदइंतजामी को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है।

# जिले में कड़ाके की ठंड का कहर 2.5 डिग्री सेल्सियस तक गिरा पारा

### पाले की आशंका से किसान चिंतित, मौसम वैज्ञानिकों ने दी बचाव की सलाह

छतरपुर।



पूरा जिला इन दिनों भीषण शीत लहर की चपेट में है, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। प्रदेश में सबसे ठंडे स्थान के रूप में पहचाने जाने वाले नौगांव में बीती रात न्यूनतम तापमान महज 2.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का सबसे कम तापमान है। हाड़ कंपाने वाली इस ठंड और गिरते पारे के कारण खेतों में खड़ी फसलों पर पाला पडऩे का गंभीर खतरा मंडराने लगा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में आसमान में बादल छाए रहने और जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी की संभावना भी जताई है। जिले के नौगांव में तापमान के अचानक गिरने के पीछे यहाँ की विशिष्ट भौगोलिक स्थिति और वैज्ञानिक कारण जिम्मेदार हैं। कृषि मौसम वैज्ञानिक हेमंत कुमार सिन्हा के अनुसार, नौगांव बुंदेलखंड के पठारी क्षेत्र में स्थित है जहाँ घने जंगलों की कमी और खुले मैदानों की अधिकता के कारण रात में ऊष्मा तेजी से अंतरिक्ष में चली जाती है, जिसे रेडिएशन कूलिंग कहा जाता है। उत्तर भारत से आने वाली सीधी शीत लहर और शहरीकरण की कमी के कारण यहाँ बड़े शहरों की तुलना में अधिक ठंड महसूस की जाती है। पाले से फसलों को बचाने के लिए वैज्ञानिकों ने किसानों को रात के समय खेतों में हल्की सिंचाई करने और मेड़ों पर कचरा जलाकर धुआं करने की सलाह दी है। इसके साथ ही सल्फर या थायोयूरिया का निर्धारित मात्रा में छिड़काव करना भी लाभकारी बताया गया है। तुलनात्मक आंकड़ों की मानें तो वर्ष 2024-25 के मुकाबले इस वर्ष 2025-26 में सर्दी का प्रकोप कहीं अधिक देखा जा रहा है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को आगाह किया है कि वे अपनी फसलों को सुरक्षित रखने के लिए विशेष सावधानी बरतें, ताकि आर्थिक नुकसान से बचा जा सके।

# मामूली विवाद में युवक पर फायरिंग और जानलेवा हमला, गांव में तनाव की स्थिति

गढ़ीमलहरा।

गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र में कुछ दिन पहले बच्चों के बीच हुए मामूली झगड़े से शुरु हुए विवाद ने अब हिंसक रूप ले लिया है। इसी विवाद में बीते रोज एक व्यक्ति पर फायरिंग और बेतहाशा मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया, जिसमें घायल हुए व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पक्ष पर मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक करीब 4 दिन पहले मलका निवासी तिवारी परिवार और ठाकुर परिवार के बच्चों में मामूली झगड़ा हो गया था, जिसको लेकर दोनों परिवारों में बुराई हो गई।



ठाकुर परिवार द्वारा 1 जनवरी को गढ़ीमलहरा थाना में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी। इसके बाद शनिवार को तिवारी परिवार का युवक मनीष अपने घर के बाहर बैठा था तभी ठाकुर परिवार के लोगों ने उस पर हमला कर दिया। मनीष के मुताबिक हमलावरों ने पहले दो फायर किए और उसके बाद कट्टे की बट से उसके सिर पर ताबड़तोड़ प्रहार किए। बीते रोज हुई इस घटना के बाद तिवारी ने भी गढ़ीमलहरा थाना में मामला दर्ज कराया है।

**इनका कहना है -**

दोनों परिवारों की शिकायत पर अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। मामले की विवेचना जारी है, विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

**रीता सिंह थाना प्रभारी, गढ़ीमलहरा**

# 5 सौ दीक्षित शिष्यों सहित 11 हजार लोग विशेष रूप से हुए शामिल

छतरपुर।

सिद्ध पीठ बागेश्वर धाम में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को श्री सत्यनारायण की कथा श्रवण करने का हजारों लोगों को पुण्य फल प्राप्त हुआ। बागेश्वर महाराज ने कथा सुनाते हुए कहा कि जीत का संबंध भीड़ से नहीं बल्कि भगवान से है। उन्होंने कहा कि महाभारत में एक तरफ लाखों की संख्या में सेना थी तो वहीं दूसरी तरफ भगवान के आश्रित पांच पांडव थे। परिणाम स्वरूप पांच पांडवों की विजय हुई। इस कथा में 500 दीक्षित शिष्यों के अलावा करीब 11हजार अन्य भक्तगण शामिल हुए। बागेश्वर धाम में शाम को प्रेत दरबार लगाए जाने के बाद 50 हजार स्क्वायर फीट में बने टीन शेड के नीचे श्री सत्यनारायण कथा का आयोजन हुआ। बागेश्वर धाम



पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के मुखारविंद से पावन कथा श्रवण करने का मौका मिला। शायद यह हिंदुस्तान का पहला अवसर होगा जहां हजारों की संख्या में एक साथ लोगों ने श्री सत्यनारायण कथा का श्रवण किया हो। हाथ में अक्षत पुष्प लेकर सभी को कथा का संकल्प दिलाया गया। बागेश्वर महाराज ने सत्यनारायण व्रत कथा का वाचन करते हुए कहा कि यह ऐसी कथा है जो लोगों की व्यथा हरती है। महाराज श्री ने कहा कि श्री सत्यनारायण की कथा सुनने का अवसर बनाए रखना चाहिए। घर की किसी भी उत्साह पूर्ण गतिविधि में कथा आवश्यक रूप से श्रवण करना चाहिए। इस अवसर पर काशी विश्वनाथ के प्रधान पुजारी श्रीकांत मिश्रा परिवार सहित पधारे। वही सलिल कृष्ण भी कथा में उपस्थित हुए।

## खबर संक्षेप

### ईसीआई (भारत निर्वाचन) मीडिया अवॉर्ड-2025 के लिये प्रविष्टियाँ आमंत्रित

**रीवा** । भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने वर्ष 2025 में "बेस्ट कैम्पेन ऑफ वोटर्स, एजुकेशन एण्ड अवेयरनेस" कार्यक्रम चलाने वाले मीडिया संस्थानों के लिये 4 श्रेणियों में पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (टेलीविजन) मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (रेडियो) मीडिया और ऑनलाइन (इंटरनेट)/सोशल मीडिया श्रेणी में वर्ष 2025 में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। प्रविष्टियाँ 7 जनवरी तक आमंत्रित की गई हैं। प्रविष्टियाँ श्री बृजेश कुमार, अंडर सेक्रेटरी (कम्युनिकेशन) निर्वाचन सदन, भारत निर्वाचन आयोग, अशोका रोड, नई दिल्ली-11000 या ई-मेल media-division@eci.gov.in पर भेजी जा सकती हैं।

### पाला से फसलों को बचाने कृषि विभाग ने दी किसानों को सलाह

**रीवा** । जिले में एक सप्ताह से शीत लहर का प्रकोप है। तापमान में गिरावट तथा आसमान पर कोहरा छाने से मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है। रात का तापमान सामान्य से कम दर्ज किया जा रहा है। तापमान में गिरावट से फसलों में शीतलहर के प्रकोप की भी आशंका है। इसे ध्यान में रखते हुए उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसानों को फसलों को पाले के प्रकोप से बचाने के लिए सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि तापमान में गिरावट का सर्वाधिक असर दलहनी, तिलहनी तथा सब्जी की फसलों में होता है। दलहन और तिलहन फसलों में पाले का प्रकोप हो सकता है। रात्रि में 12 से 2 बजे के बीच मेड़ों पर कचरे को जलाकर धुआं करें। पाले से बचाव के लिये फसलों पर सल्फर का 0.1 प्रतिशत घोल बनाकर छिड़काव करें। इससे फसलों पर पाला का प्रभाव कम हो जाता है। उप संचालक कृषि ने पौधशाला के पौधों एवं क्षेत्र वाले उद्यानों व नगदी सब्जी वाली फसलों को टाट अथवा पालीथिन अथवा भूसे से ढ़कने का सुझाव भी दिया है।

### सुभाष चौक स्थित रेस्टोरेंट में लगी आग

**कटनी**। शनिवार को सुभाष चौक स्थित फूड आइसलैंड रेस्टोरेंट में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने पर नगर निगम प्रशासन द्वारा फायर वाहन को टीम के साथ निर्धारित समय पर घटना स्थल सुभाष चौक के लिए रवाना कर स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए त्वरित राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किए गए। सहायक फायर अधिकारी शैलेन्द्र कुमार दुबे ने बताया कि फायर कर्मचारियों ने सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए शीघ्र ही आग पर काबू पा लिया है। टीम द्वारा समय रहते की गई कार्रवाई से हादसे की व्यापकता पर रोक लगाने में सफलता मिल सकी। निगम प्रशासन ने बताया कि फायर ब्रिगेड दल सदैव अलर्ट मोड पर कार्यरत है और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए रवाना किया जाता है।

# निजी सम्पत्ति के तौर पर उपयोग हो रहे 40 हजार से अधिक हैंडपंप

**सांसद, विधायक निधि से उपकृत किए गए सगे संबंधियों का है कब्जादान पत्र लेने में असफल रहा पीएचई विभाग, गर्मी आने पर ग्रामीणों को नहीं मिल पाता पानी**

जनप्रतिनिधियों ने अपने निधि में से जो फण्ड पीएचई को दिया, उससे ज्यादातर हैण्डपप सगे संबंधी और विश्वासपात्र कार्यकर्ताओं के पट्टे की जमीन पर लगे हैं। हालांकि एमपी और एमएलए निधि से अपनों को उपकृत करने का यह खेल कोई नया नहीं है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि पीएचई के पास इन हैण्डपपों को सरकारी स पत्ति बताने का कोई प्रमाण नहीं है।






रीवा।

निजी भूमि स्वामी के दान पत्र और हस्तांतरण की प्रक्रिया सालों से लंबित है। इस दौरान सैकड़ों हैण्डप प की बोरिंग ट्यूबवेल में तब्दील हो गई या तो उनका नामो निशान मिट गया। जनप्रतिनिधियों के इशारे पर हैण्डपप उत्खनन में पीएचई के अधिकारियों ने यह कारनामा ग्रामीण क्षेत्रों में किया है। जिला योजना एवं शयकीय विभाग और पीएचई के सरकारी आंकड़े बताते हैं कि जिले में हैण्डपप उत्खनन में सांसद एवं विधायक निधि की अहम्‍ भूमिका है। पीएचई के सूत्रों का कहना है कि 80 हजार हैण्डपम्प है जिनमें अधिकांश पर सांसद, विधायक निधि और जिला पंचायत, जनपदों के मद की राशि खर्च की गई है। लेकिन अब इनमें से ज्यादातर का उपयोग निजी लोग कर रहे हैं।20 प्रतिशत हैंडपंप काम लायक नहींकम बारिश के चलते जिले के कई हिस्सों में भूमिगत जल स्तर नीचे खिसक गया है। ऐसे में पहाडी और ऊंचे स्थानों पर स्थित करीब 20 प्रतिशत हैण्डप प बेकार हो गए हैं। जिले भर में हैण्डप प में अधिकतम 100 फिट राइजिंग पाइप डाली गई है जबकि जलस्तर सवा सौ फिट से भी नीचे पहुंच चुका है। ऐसे में अधिकांश हेण्डपप हवा उगलने लगे है।निजी तौर पर हो रहा उपयोगपेयजल की समुचित व्यवस्था बनाने के लिए भले ही विभिन्न मदों से मैदानी इलाकों में हैण्डपप कराए गए हों परंतु उनमें से कई हैण्डपप या तो धरातल में चले गए हैं या निजी उपयोग में लाए जा रहे हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से खुदवाए गए करीब 40 हजार से अधिक हैण्डपप निजी सपत्ति बन चुके हैं। पूर्व और वर्तमान विधायकों, सांसदों की मेहरबानी से यह संभव हो पाया है। ऐसे में ग्रामीणों को पानी के लिये भटकना पड़ता है।दान पत्र लेना आसान नहींबताया जाता है कि निजी भूमि पर हैण्डपप खोदे जाने के पूर्व भू-स्वामी से दान पत्र और हस्तांतरण अधिकार लेने का प्रावधान है। लेकिन रीवा में पीएचई विभाग हैण्डपप उत्खनन के बाद भी भू-स्वामियों से दान पत्र अथवा हस्तांतरण अधिकार हासिल करने में सफल नहीं हुआ है। इसमें ज्यादातर ऐसे मामले हैं जो जनप्रतिनिधियों के सगे का कहना है कि जिले भर में करीब संबंधी हैं अथवा कार्यकर्ता। जिनसे दान पत्र हासिल करना संभव नहीं है

# 82 साल की आदिवासी बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म, पड़ोसी युवक पर दुष्कर्म का आरोप

रीवा।



जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत 82 साल की आदिवासी बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है।बुजुर्ग महिला का आरोप है कि पड़ोस में ही रहने वाले एक युवक ने रात के अंधेरे में उसे घर में अकेले पाकर। उसका गला दबाया फिर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया। पीड़ित बुजुर्ग ने इसकी शिकायत थाने में की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, जिसके बाद बुजुर्ग महिला शनिवार को महिला थाने पहुंची और इसकी शिकायत की। सिरमौर थाना क्षेत्र का है, जहां रहने वाली एक 82 साल की बुजुर्ग आदिवासी महिला ने, पड़ोस में रहने वाले सुग्गा साकेत नामक युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। बुजुर्ग महिला का आरोप है कि जब वो रात में घर पर अकेली थी तभी पड़ोस में रहने वाला युवक घर में घुस गया और पहले तो उसने उसका गला दबाया फिर जब वो बेहोश हो गई तो इस घिनौनी वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया। बताया गया की पीड़ित बुजुर्ग महिला घर पर अकेली ही रहती है, और उसके परिवार के लोग मजदूरी करते है। घटना के बाद पीड़िता ने इसकी जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद परिजन बुजुर्ग पीड़ित महिला को लेकर सिरमौर थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की। लेकिन सिरमौर थाने में उसकी एफआईआर दर्ज नहीं हो पाई, और न ही उसका मेडिकल हुआ। ऐसे में शनिवार को वो अपने परिजनों के साथ महिला थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। जिसके बाद मामला वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में आया और पीड़िता की एफआईआर महिला थाने में दर्ज की गई और उसका मेडिकल कराया गया। इस मामले को लेकर महिला थाना प्रभारी ने बताया कि घटना 10 दिसंबर की है। रिपोर्ट के आधार पर कायमी की गई है और मामले की जांच की जा रही है।

# अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मौत होने पर आश्रित को मिलेंगे दो लाख रुपए

रीवा ।

जिले में विभिन्न कारणों से बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन दुर्घटनाओं में कई व्यक्ति अपनी जान गवां देते हैं। गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों का भी जीवन कठिन हो जाता है। अब तक अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर मृतक के आश्रितों को सोलेशियम फण्ड से 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती थी। इसके स्थान पर हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ति प्रतिकर योजना 2022 लागू की गई है। इस योजना से अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मौत होने पर मृतक के आश्रितों को दो लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रुपए की सहायता राशि का प्रावधान है। योजना की मानीटरिंग के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। इसमें पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। कलेक्टर इस समिति में एक स्वयंसेवी सदस्य को नामांकित करेंगे। बीमा कंपनी के अधिकारी को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है। अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर पीड़ति व्यक्ति तहसीलदार अथवा एसडीएम को निर्धारित प्रपत्र में सहायता राशि के लिए आवेदन प्रस्तुत करेंगे। आवेदन पत्र के साथ दावाकर्ता के बैंक खाते की छायाप्रति, अस्पताल में उपचार कराने के बिल, घायल अथवा मृतक की पहचान तथा पता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसके साथ-साथ पुलिस में दर्ज एफआईआर की प्रति, दावा करने वाले की पहचान सुनिश्चित करने के लिए प्रमाण पत्र, मौत की स्थिति में पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं मृत्यु प्रमाण पत्र एवं गंभीर चोट होने पर एमएलसी रिपोर्ट देना आवश्यक होगा। इसका आवेदन करने पर संबंधित जाँच दावा अधिकारी तहसीलदार अथवा एसडीएम 30 दिवस में अपनी जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर इस रिपोर्ट पर 15 दिवस में आवश्यक कार्यवाही कर पीड़ति को सहायता राशि का भुगतान कराएंगे तथा परिवहन आयुक्त को रिपोर्ट प्रेषित करेंगे।

## भाजपा नेता गौरव ने आयोजित किया पत्रकार मिलन समारोह



**रीवा**। नववर्ष के अवसर पर भाजपा नेता गौरव तिवारी द्वारा रीवा शहर के हनुमान वाटिका मैरिज गार्डन में पत्रकार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में जिले के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया से जुड़े पत्रकारों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। आयोजित समारोह के दौरान गौरव तिवारी ने पत्रकारों से संवाद करते हुए लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में उनकी भूमिका की सराहना की और सभी पत्रकारों को नववर्ष की बधाई-शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों के साथ भोजन कर सम्मान स्वरूप उपहार भी भेंट किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गौरव तिवारी ने कहा कि हमारा रीवा संभागीय मुख्यालय होने के कारण यहां के पत्रकार समाज, शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं। जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाना और सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना पत्रकारिता की अहम जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, निर्भीक और तथ्यपरक पत्रकारिता से ही लोकतंत्र मजबूत होता हैसाथ इसी तारतम्य में भाजपा नेता गौरव तिवारी ने भाजपा रीवा-मऊगंज के जनप्रतिनिधिगण, संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के साथ भी नववर्ष मिलन समारोह मनाया, जिसमे श्री तिवारी ने सभी के साथ भेंट मुलाकात कर उनके साथ भोज किया। आयोजक गौरव तिवारी ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों एवं पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सौहार्द, संवाद और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देते हैं। इस दौरान भाजपा रीवा के ज़िलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, मनगंवा विधायक नरेंद्र प्रजापति, पूर्व जिला अध्यक्ष कमलेश्वर सिंह, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पांडेय, पूर्व महापौर राजेंद्र ताम्रकार, वरिष्ठ नेता रमेश गर्ग, वरिष्ठ नेता महाबली गौतम,वरिष्ठ नेत्री अंजू मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष मनीषा पाठक, राजेश प्रताप सिंह, शरद साहू, जिला महामंत्री जीवन लाल साकेत, जिला पंचायत सदस्य केडी शुक्ला, जिला मंत्री बिजेंद्र गौतम, मऊगंज जिला उपाध्यक्ष विपिन मिश्रा, यशवर्धन सिंह, सुमन शुक्ला, मंडल अध्यक्ष हनुमना सुनील शुक्ला, मंडल अध्यक्ष खटखरी मुरलीधर द्विवेदी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भीम आर्मी की गतिविधियों और फंडिंग की जांच की मांग: 1857 की महान क्रांति के बलिदानी परिवार से जुड़े प्रभाकर नरसिंहराव पेशवा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

रीवा।

भीम आर्मी संगठन की कथित गतिविधियों, उसके फंडिंग स्त्रोतों तथा राजनीतिक संरक्षण की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर 1857 की महान क्रांति के बलिदानी परिवार से जुड़े श्रीमंत प्रभाकर नरसिंहराव पेशवा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक विस्तृत पत्र लिखा है पत्र में संगठन पर समाज में जातीय द्वेष, सामाजिक वैमनस्य और धार्मिक असहिष्णुता को बढ़ावा देने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि भीम आर्मी नामक संगठन की हालिया गतिविधियाँ सामाजिक एकता, शांति और सद्भाव के लिए चुनौती बनती जा रही हैं। संगठन से जुड़े कुछ वक्तव्यों और कार्यों से समाज के विभिन्न वर्गों के बीच तनाव बढ़ने की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जो संविधान की मूल भावना के विपरीत है। प्रभाकर नरसिंहराव पेशवा ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि संगठन द्वारा मतांतरण को प्रोत्साहित करने, हिंदू आराध्यों के कथित अपमान तथा हिंदू-विरोधी विचारधारा के प्रचार की घटनाएं सामने आ रही हैं। उनका कहना है कि इस प्रकार की गतिविधियों से धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं और सामाजिक सौहार्द प्रभावित होता है। ज्ञापन में यह भी आपत्ति जताई गई है कि कुछ राजनीतिक व्यक्तियों को भगवान या पूज्य के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जबकि उनकी विचारधारा समाज में विभाजन और द्वेष को बढ़ावा देने वाली बताई जा रही है। फंडिंग और राजनीतिक संरक्षण की जांच की मांगपत्र में गृह मंत्री से आग्रह किया गया है कि भीम आर्मी संगठन को मिलने वाले देशी एवं विदेशी फंडिंग स्त्रोतों की विधिवत जांच कराई जाए। साथ ही, संगठन को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से समर्थन देने वाले राजनीतिक दलों, व्यक्तियों और प्रायोजकों की भूमिका की भी जांच सुनिश्चित करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि जांच में संगठन की कोई गतिविधि संविधान, कानून अथवा सामाजिक सौहार्द के विरुद्ध पाई जाती है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी और संस्थागत कार्रवाई की जानी चाहिए।संवैधानिक मूल्यों की रक्षा की अपीलश्रीमंत प्रभाकर नरसिंहराव पेशवा ने अपने पत्र के अंत में यह उम्मीद जताई है कि केंद्र सरकार और गृह मंत्रालय समाज की एकता, शांति और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए इस मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा कि देश की सामाजिक समरसता बनाए रखना प्रशासन और नागरिक समाज, दोनों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# कलेक्टर ने की योजनाओं की समीक्षा, एजेण्डा बिन्दुओं पर तेजी से कार्यवाही के निर्देश

**मऊगंज**। कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कमिश्नर्स एवं कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं पर की जा रही कार्यवाही की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन स्तर पर इन एजेण्डा बिन्दुओं की सतत निगरानी की जा रही है, इसलिए सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए समयबद्ध प्रतिवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत स्तर की कार्ययोजनाएं, विधानसभा क्षेत्र विकास योजनाएं तथा वर्ष 2047 तक विकसित जिला बनाने के लक्ष्य के अनुरूप प्रत्येक विभाग अपनी तीन वर्ष की कार्ययोजना तैयार करे। इन कार्ययोजनाओं में वर्षवार लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें हर हाल में पूरा किया जाए और यदि किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न हो तो वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया जाए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने विभागीय समीक्षा बैठकों के नियमित आयोजन पर जोर देते हुए कहा कि अधिकारी क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति की स्वयं समीक्षा करें। उन्होंने स्वास्थ्य एवं महिला-



बाल विकास विभाग को विशेष रूप से निर्देश देते हुए कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास संयुक्त रूप से कार्य करें ताकि महिलाओं और शिशुओं के स्वास्थ्य की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। गर्भवती महिलाओं की सभी आवश्यक जांच एवं टीबी स्क्रीनिंग शत-प्रतिशत कराई जाए तथा प्रत्येक माह प्रसव के दौरान हुई मृत्यु की घटनाओं का ऑडिट कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। कलेक्टर ने कहा कि यदि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं को अपने केंद्र पर नियमित रूप से आयरन की गोली खिलाएं तो एनीमिया पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। उन्होंने आमजन के स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़े सभी सूचकांकों में तथ्यात्मक और वास्तविक जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। गंभीर रूप से एनीमिक गर्भवती महिलाओं को आयरन सुक्रोज इंजेक्शन एवं आवश्यकतानुसार अतिरिक्त रक्त चढ़ाने की प्रक्रिया की संवेदनशीलता के साथ सतत मॉनीटरिंग करने के निर्देश भी दिए गए। कृषि एवं पशुपालन से जुड़े विषयों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि कृषकों को व्यवस्थित ढंग से खाद का वितरण सुनिश्चित किया जाए और स्प्रिंकलर सिंचाई के लाभों के प्रति अधिक से अधिक किसानों को जागरूक किया जाए। उप संचालक पशुपालन को नए मिल्क रूट विकसित करने तथा नई दुग्ध सहकारी समितियों के गठन के माध्यम से दूध संकलन में वृद्धि के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित सभी रोजगारमूलक योजनाओं के वार्षिक लक्ष्यों की पूर्ति निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित की जाए ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, लखपति दीदी योजना के अंतर्गत बैंक ऋण वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने उपार्जन कार्य के लिए वारदानों की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने भीमराव अंबेडकर योजना, कामधेनु योजना की प्रगति में तेजी लाने तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। इस बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर पी.के. पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर ए.पी. द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर पवन गुरैया, एसडीएम मऊगंज राजेश मेहता, एसडीएम हनुमना रश्मि चतुर्वेदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धरने पर बैठे विधायक को आक्रोशित ग्रामीणों ने घेरा

**मौके की हालत बिगड़ी देख पुलिस ने संभाला मोर्चा और उग्र भीड़ के बीच से विधायक को सुरक्षित निकाला**



**मऊगंज**। जमीन विवाद मे शनिवार की रात उस समय बड़े बवाल का रूप ले लिए जब दो पक्षों के जमीनी विवाद में स्थानीय मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल तथाकथित एक पक्ष के समर्थन में धरने पर बैठ गए। जिला मुख्यालय स्थित नेशनल हाईवे-135 पर रात करीब 9 शुरू हुए इस घटनाक्रम में स्थिति इतनी बिगड़ गई कि उग्र भीड़ ने विधायक के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी, धक्का मुक्की, झड़प जैसे हालात निर्मित हो गए और बवाल के दौरान पुलिस को कड़ी सुरक्षा में विधायक प्रदीप पटेल को वहां से ले जाना पड़ा।देर रात घटित घटना के संबंध में बताया गया है कि मऊगंज थाना क्षेत्र के बरांव मोड़ पर लल्लू पांडेय और विनोद खोडबानी के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। दोनों पक्ष आपस में बातचीत कर रहे थे, इसी दौरान विधायक प्रदीप पटेल की मौके पर एंट्री हुई। आरोप है कि विधायक विवादित जमीन के पक्षकार विनोद खोडबानी के पक्ष में धरने पर बैठ गए, जिससे दूसरा पक्ष भड़क उठा। धरना शुरू होते ही सैकड़ों लोग जमा हो गए और विधायक के खिलाफ "मुर्दाबाद" के नारे लगने लगे। हालात तब और बिगड़ गई जब पुलिस कथित एक पक्षकार को हिरासत में लेने लगी। इसके बाद नेशनल हाईवे-135 पर हंगामा, नारेबाजी और तनावपूर्ण स्थिति बन गई। इस बीच एक पक्षकार लल्लू पांडेय ने आत्मदाह की चेतावनी तक दे डाली उन्होंने कहा कि जब मामला न्यायालय में विचाराधीन है तो न्यायालय के निर्णय की प्रतीक्षा करनी चाहिए इसमें क्षेत्रीय विधायक के आने की क्या जरूरत थी। आरोप लगाया गया कि विधायक के आने के कारण ऐसी स्थितियां निर्मित हुई। उधर विवादित जमीन के दूसरे पक्ष विनोद खोडबानी ने कहा कि जमीन उनकी पुश्तैनी है और वे पट्टेदार हैं। उनके अनुसार, कब्जे की कोशिश के दौरान उन्हें धमकियां दी गईं, जिसके बाद उन्होंने विधायक को फोन कर सूचना दी थी। विधायक ने मौके पर पहुंचकर शांति बनाए रखने की बात कही। उधर मऊगंजविधायक प्रदीप पटेल ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वे सिर्फ विवाद को शांत कराने पहुंचे थे। चल रहे दोनों पक्षों के जमीनी विवाद का फैसला प्रशासन व न्यायालय करेगा। हालांकि, करीब दो घंटे चले हंगामे के बाद हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने मोर्चा संभाला और विधायक को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया।